मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–7, सितम्बर 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## राजगीर (बिहार) में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का डीलर सम्मेलन

**बिहार के नालंदा, नवादा और पटना क्षेत्र के डीलर नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु डीलर सम्मेलन का आयोजन किया।**




कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सफलता में इसके डीलरों का बहुमूल्य योगदान है। बिहार के नालंदा, नवादा और पटना क्षेत्र में व्याप्त नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने राजगीर (बिहार) में 4 सितम्बर, 2011 को एक डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डीलरों के पिछले प्रदर्शन का आंकलन करना और उन्हें कंपनी की भावी नीतियों से अवगत कराना था। सम्मेलन के आयोजन में क्षेत्र में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर ए.के. एण्टरप्राइजेज़ के श्री सुनील कुमार और श्री सुशील कुमार का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बिहार में कामधेनु ब्रॉंड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस यूजर दादीजी स्टील लिमिटेड के निदेशकगण श्री शिशिर अग्रवाल और श्री हर्ष अग्रवाल, कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जी.एम. श्री वाई.आर. पंडिता तथा उनके साथ दादीजी स्टील लिमिटेड के श्री अखिलेश कुमार सिंह, श्री कृष्ण कुमार सिंह, श्री विपिन सिंह, श्री मुकुंद सहाय और श्री श्रवण मिश्रा उपस्थित थे।

डीलरों को सम्बोधित करते हुए श्री शिशिर अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से मैं आप सभी के सहयोग की तहेदिल से सराहना करता हूँ। आज राज्य में हमारे उत्पादों की भारी मांग हमारे उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और डीलरों के प्रयासों के परिणामस्वरूप है। अब समय आ गया है जब हम अपने प्रयासों को नई गति प्रदान कर विकास की नई राहों पर आगे बढें। मैं आप सभी को एक बार फिर आश्वस्त करना चाहता हूँ कि कंपनी की प्रगति में भागीदार सभी सहभागी समान रूप से लाभान्वित होंगे।" कंपनी की भावी योजनाओं से डीलरों को अवगत कराते हुए श्री हर्ष अग्रवाल ने कहा, "अपने विकास क्रम को भविष्य में भी बरकरार रखने के उद्देश्य से हम समूचे देश में अपने वितरण नेटवर्क को मज़बूत करने के साथ नए उत्पाद Fe-500D को भी बाजार में उतार रहे हैं। हमारे इन सभी नए उत्पादों को भारत के सभी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है।"

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की विक्रय नीतियों की सराहना करते हुए श्री सुनील कुमार ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनी के साथ काम करना हमारे लिए सम्मान की बात है। कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रखने में मज़बूती से विश्वास रखती है। यही कारण है कि देश भर के ग्राहक कामधेनु ब्रॉंड में विश्वास रखते हैं। साथ ही, कंपनी से मिलने वाला सहयोग बहुत प्रशंसनीय है।"

गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए श्री वाई.आर. पंडिता ने कहा, "ग्राहकों की संतुष्टि कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रमुख ध्येय और सफलता की कुँजी है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने परिवार के सभी सदस्यों का स्वागत करती है और बिहार में कंपनी को इस ऊँचाई तक पहुँचाने के लिए शुभकामनाएं देती है।"

इस अवसर पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। यह मीटिंग कंपनी के लिए बेहद उपयोगी रही और इसके फलस्वरूप कंपनी इस क्षेत्र में अपने उत्पादों की बिक्री में और अधिक वृद्धि होने के लिए आश्वस्त है।

# प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने किया बांग्लादेश का ऐतिहासिक दौरा



भारतीय प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह की 6 से 7 सितम्बर, 2011 तक चली दो दिवसीय बांग्लादेश की यात्रा कई मायनों में दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक रही। वर्ष 1999 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा बांग्लादेश से कोलकाता बस सेवा के उद्घाटन के 12 वर्षों बाद भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने बांग्लादेश का दौरा किया है। उनके साथ इस यात्रा पर बांग्लादेश के समीपवर्ती चार भारतीय राज्यों असम, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम के मुख्यमंत्री भी गए थे। हालांकि, इस यात्रा के दौरान प्रस्तावित वार्ता के कुछ मुद्दों से असहमत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री श्रीमती ममता बनर्जी इस यात्रा पर नहीं गई थी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना के वर्ष 2008 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी भारतीय प्रधानमंत्री के साथ इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्ष 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश को स्वतंत्र कराने में भारत ने अहम् भूमिका निभायी थी। तब से ही बांग्लादेश और भारत एक दूसरे के साथ अच्छा संबंध बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे हैं। अब भारतीय प्रधानमंत्री का यह ऐतिहासिक दौरा दोनो देशों के बीच संबंध को मधुर बनाने में कितना कारगर साबित होता है वह आने वाले समय में पता चल पाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह के इस दौरे को सकारात्मक दृष्टि से देखा जा रहा है।

## भारतीय हॉकी टीम ने रचा इतिहास



चीन में आयोजित प्रथम एशियन चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी के बहुत ही रोमांचक फाइनल मुकाबले में अपने चिर–प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को पेनल्टी शूट आउट में 4–2 के अन्तर से हराकर भारतीय हॉकी टीम ने इतिहास रचा है। पेनल्टी शूट आउट में भारत की ओर से कप्तान राजपाल सिंह, दानिश मुज़्तबा, युवराज वाल्मिकी और सरवनजीत सिंह ने गोल दागे। किन्तु, इस जीत के असली हीरो भारत के गोलकीपर श्रीजीत रविन्द्रन रहे जिन्होंने अन्तिम वक्त पर शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के 3 गोल रोके। इस अति–प्रतिष्ठित हॉकी श्रृंखला में भारत और पाकिस्तान सहित एशिया के 6 प्रमुख देशों की टीमों ने भाग लिया था। पिछले कुछ समय से बुरे दौर से गुजर रही भारतीय हॉकी टीम के लिए यह जीत एक संजीवनी बूटी का काम करेगी। आशा की जा रही है कि इस जीत से आकर्षण खोते जा रहे भारत के राष्ट्रीय खेल में युवाओं की रूचि बढ़ेगी जिससे देश को नए–नए बेहतरीन खिलाड़ी मिलेंगे और देश भविष्य में भी हॉकी में शानदार प्रदर्शन करेगा।

## हेले थोर्निंग श्मिट डेनमार्क की पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी



विश्व में नारी शक्ति के बढ़ते प्रभाव का एक और उदाहरण डेनमार्क ने स्थापित किया है। यहाँ मध्य वाम गुट की प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार श्रीमती हेले थोर्निंग श्मिट किसी यूरोपीय देश में प्रधानमंत्री पद संभालने वाली प्रथम महिला होंगी। यहां आम चुनाव में विपक्षी मध्य वाम गुट की जीत के साथ ही श्मिट के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। श्मिट के मध्य वाम गुट और वर्तमान प्रधानमंत्री लार्स रासमुसेन के मध्य दक्षिण गुट के बीच जीत का अंतर मामूली रहा। डेनमार्क की संसद की 179 सीटों में से श्मिट के मध्य वाम गुट ने 89 सीटें जीतीं। 44 वर्षीय श्मिट देश में अमीरों पर टैक्स बढ़ाकर कल्याणकारी योजनाएं लागू करना चाहती है। दुनिया के आठ और देशों में भी इस वक्त महिला प्रधानमंत्री हैं। ये देश माली, स्लोवाकिया, ऑस्ट्रेलिया, ट्रिनिडाड एंड टोबैगो, आइसलैंड, क्रोएशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश हैं।

# कामधेनु समूह बना रहा है ग्राहकों के दिलों में जगह

**कंपनी टेलीविजन विज्ञापनों और प्रचार पर बड़ा निवेश कर रही है।**

अपने उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता और लक्ष्य–केन्द्रित मार्केटिंग नीतियों के कारण ही कामधेनु समूह अपने सभी उपक्रमों में सफल होता है। अपने उत्पादों का प्रचार करने के लिए कंपनी हमेशा मार्केटिंग के ऐसे तरीकों को अपनाती है जो न केवल इसे ग्राहकों के करीब लेकर जाते हैं बल्कि कंपनी के डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को कंपनी के उत्पादों की बिक्री में अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हैं। कामधेनु समूह अपने उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी प्रकार के पारंपरिक और गैर–पारंपरिक माध्यमों का सहारा लेता है। फिर भी पिछले एक वर्ष के समय में ग्राहकों के जेहन में स्वयं को सबसे ऊपर स्थापित करने के लिए कंपनी ने गैर–पारंपरिक माध्यमों के अतिरिक्त पारंपरिक मीडिया का अति–महत्वाकांक्षी रूप से प्रयोग किया है। राष्ट्रीय ग्राहकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कंपनी ने टेलीविजन पर अपनी उपस्थिति सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित किया है। कामधेनु समूह के विभिन्न उत्पादों के टेलीविजन विज्ञापन विभिन्न टी.वी. चैनलों जैसे इण्डिया टी.वी., आई.बी.एन.7, ई.टी.वी., यू.टी.वी. मूवी, यू.टी.वी. ब्लूमबर्ग, फिल्मी, स्टार आनंदा, 24 घण्टा, स्टार वन और जी बिजनेस इत्यादि पर नियमित अंतराल पर देखे जा सकते हैं। कामधेनु समूह पहले ही ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय है और इन विज्ञापनों के टी.वी. पर आने से उसमें और भी अधिक वृद्धि होगी। यदि शुरूआती संकेतों पर गौर दिया जाए तो भविष्य में इन विज्ञापनों का कंपनी के उत्पादों की बिक्री पर उल्लेखनीय सकारात्मक प्रभाव होने की उम्मीद है।

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डीलरों ने की विदेश यात्रा

**खगड़िया (बिहार) के मैसर्स गोयनका ट्रेडिंग के सब–डीलरों ने बैंकॉक और पट्टाया का भ्रमण किया।**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डीलर कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। इसलिए कंपनी उन्हें निरन्तर प्रोत्साहित रखने के उद्देश्य से नियमित अन्तराल पर विभिन्न इनामी योजनाएं चलाती रहती है जिनमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को शानदार पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में कंपनी ने बिहार के खगड़िया क्षेत्र के अपने डीलर मैसर्स गोयनका ट्रेडिंग के सब–डीलरों को पुरस्कृत करने हेतु बिहार में कामधेनु ब्रॉंड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस यूजर दादीजी स्टील लिमिटेड के सहयोग से बैंकॉक और पट्टाया की यात्रा पर भेजा। इस यात्रा के आयोजन से मैसर्स गोयनका ट्रेडिंग के श्री नवीन गोयनका बहुत प्रसन्नित थे। उनका मानना है कि कंपनी की इन्हीं नीतियों के चलते उनके सब–डीलर कामधेनु इस्पात लिमिटेड से बहुत संतुष्ट और खुश रहते हैं तथा कंपनी के उत्पादों की अधिकाधिक बिक्री के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। इस यात्रा से कंपनी के डीलरों को विदेश घूमने और आराम के कुछ पल बिताने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी डीलरों ने बैंकॉक और पट्टाया की खूबसूरत वादियों और वहां



के समुद्र तटों पर जल–क्रीड़ा का भरपूर आनन्द उठाया। यात्रा पर आए सभी डीलरों ने एक–स्वर में कंपनी के द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री के. लक्ष्मीकान्त
**मैसर्स सोनू हार्डवेयर**
श्रीनगर मेन रोड खामतराई
रायपुर
मो. 9300922028

श्री लक्ष्मण भाई
**मैसर्स लक्ष्मी स्टील ट्रेडर्स**
प्लॉट नं. 1617–B
राजाराम अवेदा के पीछे
घोघा रोड, भावनगर
मो. 9427202477

श्री मोहम्मद
**मैसर्स मुल्ला मोहम्मद अली नज़र**
मेन रोड, सदर बाजार
भातपारा, छत्तीसगढ़
मो. 9977852786

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कामधेनु पेंट्स ने आयोजित की पेंटर्स की मेगा मीट

**पर्यावरण अनुकूल पेंट को अधिकाधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने हेतु पेंटरों को जागरूक किया।**



पर्यावरण अनुकूल पेंट को अधिकाधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और पेंटिंग के नए ट्रेंड की जानकारी देने के लिए कामधेनु पेंट्स ने 23 सितम्बर, 2011 को पीतल नगरी के नाम से प्रख्यात उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक भव्य पेंटर्स सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें बेहतर पेंटिंग नतीजों के लिए तकनीकी तरीकों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पेंटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया ताकि उन्हें डिजाइनर फिनिश पेंट्स और पर्यावरण अनुकूल पेंट्स के बारे में अच्छे से अवगत कराया जा सके। मुरादाबाद और उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लगभग 200 पेंटरों और निर्माण उद्योग के लोगों ने इस मेगा मीट में भाग लिया। मुरादाबाद में कामधेनु पेंट्स के डीलर मैसर्स अनुभव कलर्स और सम्भल के डीलर मैसर्स भारत पेंट्स ने इस मीट में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के ब्रॉंड प्रमोशन प्रबंधक श्री लवजीत सिंह और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कामधेनु पेंट्स के सी.एफ.ए. नीलम एण्टरप्राइजेज़ के श्री तनवीर खान भी शामिल थे।

पर्यावरण अनुकूल पेंट्स के बारे में जानकारी देते हुए श्री तनवीर खान ने कहा,'' लेड और एस्बेस्टस् की अधिक मात्रा वाले पेंट से कैंसर और एस्बेटोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए सभी लोगों को कम वाष्पशील कार्बनिक तत्वों वाले (वी.ओ.सी.) वाले **Colour Dreamz** श्रृंखला के पेंट को बेहतरीन विकल्प के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए।''

कामधेनु पेंट्स के पदार्पण के बाद से ही मुरादाबाद कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। अपने उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता से कंपनी ने यहां के उपभोक्ताओं का विश्वास जीता है और एक लोकप्रिय ब्रॉंड के रूप में अपनी धाक जमाई है। कामधेनु पेंट्स उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं और सजावट के क्षेत्र में बदलते फैशन परिदृश्य के अनुरूप कई शानदार व अनूठे किस्म के पेंट बाजार में उतारता रहा है। पर्यावरण को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं को देखते हुए कम्पनी ने हाल ही में पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की श्रृखंला भी जारी की है। इन उत्पादों को आरंभ से ही उपभोक्तओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

# असम के प्रोपर्टी एण्ड लाइफ स्टाइल फेयर में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की भागीदारी

**सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ कंपनी के उत्पादों के प्रति ग्राहकों की जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि।**



असम के ग्राहकों से सीधे संवाद स्थापित करने हेतु कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने राज्य में कामधेनु ब्रॉंड टी.एम.टी. के अधिकृत लाइसेंस यूजर मेघालय इस्पात लिमिटेड के साथ गुवाहटी के मणिराम दीवान ट्रेड सैन्टर में 9 सितम्बर, 2011 से 12 सितम्बर, 2011 तक आयोजित प्रोपर्टी एण्ड लाइफ स्टाइल फेयर में भाग लिया। कंपनी इस कार्यक्रम की सह–प्रायोजक भी थी। मेले का शुभारंभ असम के उद्योग मंत्री श्री प्रदयुत बारदलोई द्वारा किया गया। इस फेयर में पूर्वोत्तर क्षेत्र के बिल्डरों व डेवलपरों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और सीमेंट तथा स्टील कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का प्रतिनिधित्व श्री राजीब डेका, मार्केटिंग मैनेजर और श्री ऋतुराज बोरफुकन, सीनियर एक्जीक्यूटिव ने किया। इस मेले के दौरान असम के पूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रफुल्ल कुमार महन्त भी कामधेनु इस्पात लिमिटेड के स्टॉल पर पधारे। इस मेले को देखने गुवाहटी व आस–पास के क्षेत्रों के बिल्डर्स व डेवलपर्स सहित आम लोग भी बड़ी संख्या में पहुँचे। मेले के सभी आगंतुकों के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड का स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र था। यहाँ पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें कंपनी के उत्पादों के विषय में जानकारी प्रदान की।

श्री डेका ने कहा, "इस कार्यक्रम में भाग लेना कंपनी के लिए काफी हितकारी रहा है। इससे हमें भविष्य में बहुत लाभ पहुँचेगा ।"






Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com